(c) With a view to giving necessary price support to the indigenous industry the imports of skimmed milk powder as well as the distribution of the imported stocks have been channelised through one agency. Additional capacity for the production of skimmed milk powder has also been approved. A number of measures have also been initiated for increasing the production of fresh milk which forms the basic material for the production of skimmed milk powder.

SHRI INDER J. MALHOTRA : In view of the fact that skimmed milk is consumed mostly by the people who come under the low income-group, may I know from the Government whether all kinds of excise duties which are at present levied on this will be removed ?

SHRI K. R. GANESH : This is a point regarding the budget proposals.

SHRI INDER J MALHOTRA : May I know from the Minister the difference between the price of imported skimmed milk and that which is indigenously produced in the country ?

SHRI K. R. GANESH : The landed cost of imported powder is about Rs. 3.50 per kg ; and the cost of that which is indigenously produced is about Rs. 7.50 per kg.

### अजमेर के रीजनल कालेज आफ एजूकेशन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की बढ़ती हुई गतिविधियां

*1184. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या शिक्षा और समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुछ संसद सदस्यों ने अजमेर के रीजनल कालेज आफ एजूकेशन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की बढ़ती हुई गतिविधियों के बारे में 14 जून को प्रधान मंत्री को एक ज्ञापन दिया था ;

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं ;

(ग) किन-किन संसद् सदस्यों ने उक्त ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे ; और

(घ) इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

**शिक्षा और समाज कल्याण तथा संस्कृति विभाग में उपमंत्री (श्री डी० पी० यादव)** : (क) जी हां ।

(ख) ज्ञापन में यह कहा गया है कि कर्मचारियों के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियां काफी वर्षों से जारी हैं और पिछले वर्ष के दौरान, इनका विस्तार इस सीमा तक हो गया कि प्रगतिशील राष्ट्रवादी कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को अलग अलग कर दिया गया है । तथाकथित गतिविधियों में से कुछ इस प्रकार है :—

(क) प्रांगण में रा० स्व० संघ के अध्ययन केन्द्रों का आयोजन ।

(ख) समाज सेवा के नाम पर राजस्थान में अन्यत्र रा० स्व० संघ की गतिविधियों का आयोजन करना । यह भी आरोप लगाया गया है कि रा० स्व० संघ उन्मुख विद्यार्थियो को प्रांगण में दंगे भड़काने के लिए उकसाया जाता है और 1967-68 में वाणिज्य के रीडर, डा० हुसन की कार जलाने जैसी अवांछनीय गतिविधियां भी भूतकाल में हो गई हैं ।

(ग) सर्वश्री (1) राजाराम शास्त्री (2) रामावतार शास्त्री (3) एस० एम० बनर्जी (4) विजय पाल सिंह (5) चन्द्रिका प्रसाद (6) बीरभद्र सिंह (7) प्रताप सिंह (8) पन्ना लाल बारुपाल (9) मौलाना इशाक सांभली (10) ज्योतिर्मय बसु (11) डा० देव (12) बश्वेश्वर नाथ भार्गव (13) नवल किशोर शर्मा (14) अमृत नाहटा (15) शिव पूजन शास्त्री (16) एम० सी० डागा (17) राम स्वरूप ।

(घ) जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है और रिपोर्ट शीघ्र प्राप्त होने की आशा है।

**श्री रामावतार शास्त्री** अध्यक्ष महोदय, यह उत्तर से ही स्पष्ट है कि रीजनल कालेज आफ एजूकेशन अजमेर मे राष्ट्रीय स्वय सेवक सघ जैसी खतरनाक सस्था कितनी हावी हो चुकी है और आप ने यह भी स्वीकार किया कि इस की गतिविधिया बहुत दिनो से जारी है। आप ने यह देखा कि हस्ताक्षर करने वालो मे सभी तरह के लोग है.. (**व्यवधान**)...जनसघ को छोड कर बाकी सब तरह के लोग है...

**श्री जगन्नाथ राव जोशी** इन्होने जो ज्ञापन दिया है उस मे जो आरोप लगाए है वह पढकर बताया। यह सिद्ध नही है। ..(**व्यवधान**)

**श्री हुकम चन्द कछवाय** अध्यक्ष महोदय, मेरा यह कहना है कि यहा ऐसा सवाल न पूछा जाय जिस से सदन मे उत्तेजना फैले।

SHRI INDRAJIT GUPTA Is the RSS represented here? They should tell us We should know (*Interruption*) He cannot interrupt the Member like this He can ask a supplementary if he wants

SHRI JAGANNATHRAO JOSHI He is misquoting The Minister simply said who were the Members (*Interruption*)

**अध्यक्ष महोदय** आप को इस सम्बन्ध मे एतराज करने की जरूरत नही है। यह प्रश्न का वक्त है। वह फैक्चुअल इन्फार्मेशन ले रहे है। ही हैज ए राइट टु आस्क दि क्वेश्चन।

**श्री जगन्नाथ राव जोशी** : मत्री महोदय ने कहा कि रिपोर्ट आनी है। उन्होने स्वीकार नही किया।...(**व्यवधान**)...

**अध्यक्ष महोदय** अगर ऐसे थोडी थोडी बात पर इस तरह इनटालरेंट ऐटीट्यूड होगा तो कैसे चलेगा ?

**श्री हुकम चन्द कछवाय** यह सवाल तो स्वीकार ही नही किया जाना चाहिए।

**अध्यक्ष महोदय** : आप की सलाह से किया करूगा।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** मै तो अपना सुझाव दे रहा हूं।

**श्री रामावतार शास्त्री** अध्यक्ष महोदय, क्या यह बात सच है कि सरकारी और अर्ध-सरकारी सस्थाओ मे राष्ट्रीय स्वय सेवक सघ की कार्यवाहियो पर प्रतिबन्ध है ? अगर हा, तो क्या यह बात सच है कि 1970 के सितम्बर महीने मे वहा के डा० एन० बोस ने गुरु दक्षिणा समारोह म, जो वहा के एजूकेशन के रीडर है डा० आर० पी० भटनागर उनके साथ भाग लिया था ? अगर हा, तो क्या यह आपके नियम के अनुकूल है ? अगर नही, तो इसके बारे मे आपने कौन सी कार्यवाही की ? और क्या यह बात सच है– जिसको आपने स्वीकार किया कि डा० हसन की कार जलाई गई, यह 67-68 की बात है और अब 1971 है तो क्या आपने उस घटना की कोई जाच करवाई थी ? अगर जाच करवाई थी तो उसका क्या नतीजा निकला ? अगर जाच नही करवाई थी तो क्या इस ममले की जाच अलग से आप करवायेगे ?

**श्री डी० पी० यादव** अध्यक्ष महोदय, जहा तक आर० एस० एस० के भाग लेने का सवाल हे, कोई भी आदमी जो सरकारी नौकरी मे होता है वह किसी पोलिटिकल पार्टी मे भाग नही ले सकता है—यह सरकार की स्पष्ट नीति है। दूसरी बात माननीय सदस्य ने यह पूछी है कि डा० हसन की कार जलाई गई ..(**व्यवधान**) .. यह सही है कि डा० हसन की कार मे आग लगाई गई थी और उसमे कुछ डैमेज हुआ था। इसके बाद डा० बोस के गुरु दक्षिणा के समारोह मे जहा तक भाग लेने का सवाल है, अभी मुझे कोई इन्फार्मेशन नही है।

**श्री रामावतार शास्त्री** जो कार जलाई गई थी उसकी इन्क्वायरी करवाई थी ? यदि हॉं, तो उसका क्या नतीजा निकला ? यदि नही तो फिर करवाना चाहते हैं ?

**श्री डी० पी० यादव** : इन्क्वायरी की कोई आवश्यकता नही है ।

**श्री रामावतार शास्त्री** : मंत्री जी ने कहा है कि जांच करवाई जा रही है तो क्या यह बात सच है कि जांच की कार्यवाही वही लोग पूरी कर रहे हैं जोकि वहां इस तरह के कार्यों से सम्बन्धित हैं ? यदि हां तो क्या सही मानों मे जांच का परिणाम निकल सके उसके लिए पार्लियामेन्ट के सदस्यों की कोई समिति बहाल करेंगे ताकि सही सही जांच हो सके ?

**श्री डी० पी० यादव** : जांच सैन्ट्रल इंटेलिजेन्स ब्यूरो से कराई जा रही है ।

SHRI N. K. P. SALVE : Is the minister aware that last year, in one of the debates, the then Home Minister, Shri Chavan, had stated clearly and categorically that Government had positive information that RSS was indulging in preaching naked communalism and violence ? If that is correct, when you are shooting Naxalites, what prevents Government from taking stern measures to stop all RSS activities at least in the educational institutions ?

SHRI D P. YADAVA : Government is quite alive and all measures are being taken. (*Interruptions*).

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूँ कि अभी मंत्री जी ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि सरकार की तरफ से यह नोटिस है कि कोई भी सरकारी कर्मचारी किसी राजनीतिक पार्टी में भाग नही ले सकता है लेकिन क्या सरकार ने इस बात की खोज कर ली है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कोई राजनीतिक पार्टी नहीं है ?...(**व्यवधान**)...आपके चिल्लाने का कोई असर मुझ पर पड़ने वाला नही है । मैं अपनी पूरी बात कह कर ही बैठूगा ।

तो क्या सरकार ने इस बात की पूरी खोज कर ली है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ राजनीतिक पार्टी नहीं है और अन्य जो राजनीतिक पार्टियां हैं, जिन महाशय ने यह प्रश्न पूछा है उनकी पार्टी के सदस्य बहुत से सरकारी कर्मचारी है ? दूसरी बात यह कि इस सवाल का सीधा सम्बन्ध राज्य सरकार से था, मुझे बहुत दुख है कि इस सवाल को यहां पर उठाया गया है । मैं जानना चाहता हूँ यह जो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ है, आपने यह पूरी खोज कर ली है कि यह सदैव जो काम करता आया है उससे इस देश के लोगों को देश भक्त बनाने की और इस देश के लोगों को देश के ऊपर न्यौछावर करने की क्षमता निर्मित होती है, लोगों में देश के ऊपर अपने को न्यौछावर करने की प्रवृत्ति पैदा होती है—ऐसे काम यह सदैव करता आया है...(**व्यवधान**)...इस चिल्लाने का हमारे ऊपर कोई असर नहीं होगा । .. (**व्यवधान**)... मैं जानना चाहता हूँ सरकार ने इस बात की खोज कर ली है, जो बात यहां पर उठी कि डा० हसन की कार जलाई गई तो क्या वह विद्यार्थी परिषद् के लोग थे या कम्युनिस्ट पार्टी के लोगों ने उसको जलाया है ? ...(**व्यवधान**) इसके साथ साथ मैं जानना चाहता हूं कि क्या आप इस बात की खोज करेंगे कि इनकी जो गतिविधियां है वह देश के हित में कहां तक लाभदायक है ? आपको अनुभव होगा । .. (**व्यवधान**)...

**अध्यक्ष महोदय** : आप बैठिये।...(**व्यवधान**) ...आप कह रहे है आप बड़ा अच्छा कुछ सीखते है । आप सीधा प्रश्न कीजिए ।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : आपको ध्यान होगा हमारे देश पर जब पाकिस्तान ने आक्रमण किया और हमारी सारी सेना सीमा पर लगी हुई थी ।...(**व्यवधान**)...

**श्री श्याम नन्दन मिश्र** : आपको दोनों तरफ के लोगों की शाउटिंग बन्द करनी चाहिए । . (**व्यवधान**)...

SHRI PRIYA RANJAN DAS MUNSI : Is he defending the RSS or asking a question ?

SHRI INDRAJIT GUPTA : If you allow him to shout like this, we can also shout...... (*Interruption*)

**श्री जगन्नाथ राव जोशी** : मंत्री जी ने जवाब दिया था कि जानकारी इकट्ठी की है तो उसके विषय में...(**व्यवधान**)...

MR. SPEAKER : I am not allowing any further question ?

**श्री डी० पी० यादव** यह जो सवाल आया है इस पर यहा ज्यादा गरम होने की जरूरत नही है। मैं इस बात को स्पष्ट करना चाहता हूँ कि श्री रामावतार शास्त्री जी ने जो प्रश्न किया है उसमे भीतर की बात यह है कि स्टाफ मे कुछ इन्टर्नल रिफ्ट है, किसी को ट्रासफर से मतलब है तो किसी को पोस्टिग से मतलब है और जिसका जो मतलब होता है वह करता है तो सम्पूर्ण बातो के इन्वेस्टिगेशन के लिए होम मिनिस्ट्री को दे दिया है इसलिए इसमे गरम होने की कोई बात नही है।

**श्री श्रीकिशन मोदी** राजस्थान मे 30 से 40 फीसदी तक शिक्षकगण आर० एस० एस० के सक्रिय सदस्य है। इस के बारे मे सरकार क्या जाच कर रही है और क्या स्टेप ले रही है। यह स्पष्ट है और आप हर तरह से जाच कर सकते है कि सुबह और शाम 30 से 40 परसेट तक शिक्षकगण शाखा मे जाते है। इस के बारे मे सरकार क्या जानकारी रखती है और क्या कार्रवाई कर रही है ?

**श्री डी० पी० यादव** . हमे जो सूचना मिली है उसके अनुसार यह मैटर इन्वेस्टिगेशन मे है। किसी भी तरह का कम्यूनल डिस्टर्बेंस करने वाली जो पार्टी होगी उस के विरुद्ध हम स्टर्न ऐक्शन लेंगे। (**व्यवधान**)

**अध्यक्ष महोदय** आप लोग चुप रहिये। अब क्वेश्चन अवर खत्म हो गया।

**श्री रामावतार शास्त्री** यह लोग धमकी दे रहे हैं तो हो जाय कम्यूनिस्ट पार्टी और आर० एस० एस० मे, हमे कोई आपत्ति नही है। (**व्यवधान**)

**एक माननीय सदस्य** चलो बाहर। (**व्यवधान**)

**श्री हुकम चन्द कछवाय** . हम तैयार है, अन्दर या बाहर ?

**श्री रामावतार शास्त्री** यहा आर० एस० एस० की गु डागर्दी नही चलेगी। (**व्यवधान**)

**श्री हुकम चन्द कछवाय** तुम गु डे, (**व्यवधान**)

**अध्यक्ष महोदय** यह जो आप की नेबरहुड है, इस को मुझे अलाहदा अलाहदा करना ही पडेगा। बडा पीस को खतरा है।

**श्री एस० एम० बनर्जी** अध्यक्ष महोदय, नाराजगी मे ऐसा नही होना चाहिए। (**व्यवधान**) आप विश्वास कीजिये कि हम कभी गु डा नही कहते। हमे आर० एस० एस० की ऐक्टिविटीज मालूम है फिर भी गु डा नही कहते।

**श्री फूल चन्द वर्मा** पहले उधर के माननीय सदस्य ने कहा था।

**अध्यक्ष महोदय** यह आप क्या करते है ? अगर इस तरह से करना हो तो आप बाहर चले जाइये। इस हाउस को डिस्टर्ब न कीजिये। यहा पार्लियामेट चल रही है, आप सारी पार्लियामेट को रेन्सम मे रक्खे हुए है।

---

## WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

### Decision to Construct National Highways during the Fourth Plan period

*1173. SHRI M KATHAMUTHU
SHRI M M HASHIM :

Will the Minister of SHIPPING AND TRANSPORT be pleased to state .

(a) whether Government have decided to construct two more National Highways during the Fourth Plan in addition to the Bombay-Kanyakumari Highway

(b) If so, what are the new National Highways proposed to be constructed during the above period State-wise , and

(c) the estimated cost thereof ?